
तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

11 माता मावली मंदिर बारसूर में स्थापित है माता दुर्गा...




11 दशकों बाद भी एलेंगनार ग्राम मूलभूत सुविधाओं...






B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

### नवरात्रि विशेष



### अष्टमीः महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरुप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं । देवी महागौरी ने पार्वती रुप में महादेव को पति के रुप पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया । इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की ही गई। तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियों हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी का आराधना मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोदया॥

## नवरात्रि : सार्वजनिक प्रतिमा स्थलों पर अष्टमी में देर शाम प्रारंभ हुआ हवन

# देवी मंदिरों व पंडालों में महाअष्टमी पर हुआ हवन- पूजन, दी गई महाआहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शारदीय नवरात्र का महाअष्टमी पर्व गुरुवार को मनाया गया। सभी देवी पंडाल व मंदिरों में विशेष हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया गया। गुरूवार को सुबह से ही शीतला और देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। नौ दिनों तक शक्ति की विशेष-पूजा अर्चना के बाद शुक्रवार को सेवा भजनों के साथ माता को विदाई दी जाएगी। शहर से लेकर गांवों में देवी प्रतिमा और ज्योत-जंवारा का सुबह से विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा। शहर में विराजे देवी प्रतिमाओं का विसर्जन देर शाम शुरू होगा। देवी प्रतिमाओं को ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था भी की गई है। इसके बाद शनिवार को असत्य पर सत्य की जीत का पर्व विजयादशमी मनाया जाएगा, इसे लेकर आयोजन समिति तैयारी में जुटी है।

- दशहरा के दिन प्रतिमाओं का निर्धारित सरोवरों पर होगा विसर्जन
- दशहरा में नरहरदेव मैदान में होगा रावण दहन, तैयारी अंतिम चरण में

नवरात्रि के महाअष्टमी के दिन 10 अक्टूबर को कांकेर के मंदिरों और पूजा पंडालों में देवी के दर्शन-पूजन को आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है।



शहर से लेकर गांव तक के इलाके महाशिक्त देवी दुर्गा की आराधना में डूब गए हैं। नवरात्र में शहर के शीतला मंदिर में ज्योति कलशों की स्थापना कर अराधना किया गया। महाअष्टमी के पर्व पर गुरूवार को सुबह से हवन की तैयारी की जा रही थी और हवन निर्धारित समय दोपहर को 4 बजे प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने कुण्ड को सजाकर पूजन कार्य शुरू किया, जिसमें पंडित चिंतामणि मिश्रा ने पूजा करवाते हुए हवन कार्य करवाया। मंदिर में पुजारी पूरन माली, खिलावन प्रसाद माली व श्रद्धालुओं द्वारा माता को अंतिम महाआहुति देकर विदा दिया गया। हवन पूजन के बाद महाआरती कर नवमीं 11 अक्टूबर को नौ कन्याओं को भोज करवाया जाएगा। सार्वजनिक स्थलों पर शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में रखी प्रतिमा स्थलों पर अष्टमी की देर शाम को हवन शुरू किया गया, कई समितियों के द्वारा नवमीं को आज हवन किया जाएगा। मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। कांकेर शहर का माहौल दिनभर भक्तिमय बना रहा। प्रतिमा स्थलों पर हवन व पूजन होने से माहौल भक्तिमय बना रहा। समितियों के सदस्यों का कहना था कि आज हवन हो रहा है ▶▶| शेष पेज 10 पर

### ज्योति कलश का आज होगा विसर्जन

शहर के देवी मंदिरों समेत पंडालों में महाअष्टमी को देर रात तक हवन पूजन कार्य किया गया। जिसके बाद आज नवमी को देवी मंदिरों में स्थापित ज्योति कलशों व जंवारा का विसर्जन किया जाएगा। वहीं पंडालों से माता को दशहरा की रात को डीजे की धुन में धूमधाम से नांचते गाते विसर्जन के लिए सरोवर की ओर ले जाएंगे।



### शहर में दो जगहों पर होगा रावण दहन

शहर के नरहरदेव मैदान में 12 अक्टूबर को दशहरा के दिन रावण दहन होगा। इस अवसर पर आतिशबाजी का भी आयोजन होगा। रावण दहन से पहले राम रावण युद्ध प्रसंग का मंचन भी होगा। आयोजन की तैयारियां नरहरदेव मैदान में जोर शोर से चल रही है। सुरक्षा के लिए बेरिकेडिंग आदि के प्रबंध किए जा रहे हैं। मेलाभाठा मैदान में शाम 5 बजे पारंपरिक रूप से रावण दहन किया जाता है, इसके बाद बड़ा आयोजन शाम 6 बजे से नरहरदेव मैदान में होता है। नरहरदेव मैदान में रावण दहन कार्यक्रम की शुरूआत राम रावण युद्ध प्रसंग से होगी। इसमें रामलीला मंडली के कलाकार राम तथा रावण की सेना के रूप में पहुंचते हैं। एक घंटे चलने वाले युद्ध प्रसंग के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद विधायक कांकेर आशाराम नेताम की उपस्थिति में बारूदी तीर से पहले कुंभकरण फिर मेघनाथ तथा अंत में रावण का वध करेंगे। रावण वध के साथ ही आतिशबाजी का शो होगा। कार्यक्रम का आयोजन नगर पालिका तथा गढ़िया महोत्सव आयोजन समिति द्वारा किया जा रहा है।

## दो लाख की चोरी करने वाले चोर को हुई दो साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर थानांतर्गत अन्नपूर्णापारा में सूने मकान से दो लाख की चोरी 23 दिसंबर से 3 जनवरी के मध्य हुई थी। घर मालिक पूरे परिवार के साथ तीर्थ यात्रा पर गए हुए थे। इस चोरी के मामले में न्यायाधीश ने चोर को साज सुनाई है। विदित हो कि अन्नपूर्णापारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी 52 वर्षीय न्यायालय के रीडर शिव कुमार जोशी पिता स्व. आरसी जोशी पिता के अस्थि विसर्जन एवं पिंड दान करने के लिए सपरिवार तीर्थ यात्रा पर 23 दिसंबर से लगभग 15 दिवस के लिए बाहर गए हुए थे। 4 जनवरी को हम लोग तीर्थ स्थान से अपने गृह नगर जगदलपुर स्थित घर पर पहुंचे। मेरा साला जगदलपुर से कांकेर आया तथा घर पहुंचा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है,। तब वह तत्काल मुझे जानकारी दिया। जानकारी मिलते ही रात करीबन साढ़े 9 बजे कांकेर पहुंचा। घर का निरीक्षण किया तो देखा कि घर का सामान बिखरा पड़ा हुआ था। बारीकी से देखने पर ▶▶| शेष पेज 10 पर


जेवरात समेत दो लाख नकदी की चोर तीर्थाटन से लौटने पर मिली जानकारी

- अन्नपूर्णापारा में सूने मकान से किया था नकद व सामान पार

### अर्थदंड भी लगाया

कोतवाली पुलिस ने आरोपी चोर कांकेर के एमजी वार्ड निवासी भरत साहू जो राज मिस्त्री का काम करता है, उसने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। सीजीएम भूपेंद्र वासनीकर ने मामले की सुनवाई करते हुए चोर को धारा 457 में एक साल और धारा 380 में एक साल की सजा और 200-200 रुपए आर्थिक दड की सजा सुनाई है।

## नरहरपुर में सट्टा लिखने वाले सटोरियों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नरहरपुर में सट्टा का खेल जोरों पर चल रहा है। कई लोग इस खेल में पूरी तरह से लिप्त है। सट्टा के अलावा नरहरपुर थाना से 200 मीटर की दूरी पर एक ढाबा में खुले आम शराब भी परोसी जा रही है। नरहरपुर पुलिस को एक सटोरिया को दबोचने में सफलता मिली है, परंतु खुले आम शराब परोसने वाला पुलिस की पकड़ से दूर है। जानकारी के अनुसान नरहरपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली की नरहरपुर के भट्टी चौक में एक युवक अधिक पैसा मिलने का लालच देकर विभिन्न अंकों का पट्टी लिखकर सट्टा खिला रहा है। नरहरपुर पुलिस ने खबर की तस्दीक करने के उपरांत बताए गए स्थल की घेराबंदी कर संदिग्ध युवक को अपने कब्जे में लिया और नाम पूछने अपना नाम प्रदीप साहू पिता जयप्रकाश साहू उम्र 33 वर्ष ▶▶| शेष पेज 10 पर

- नकद सहित सट्टापट्टी किया पुलिस ने बरामद

### और खुलासा होने की संभावना



नरहरपुर पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल को जब्त किया है। मोबाइल की जांच के बाद खुलासा होगा कि सटोरिया का सट्टे का नेटवर्क कहाँ तक फैला हुआ था। पुलिस सटोरिया के नेटवर्क का पता लगाने में जुट गई है। पुलिस ने सटोरिया के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

## विधायक सावित्री मंडावी की अनुशंसा पर मिली सौगात

**चारामा।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम अनुपूरक अनुदान में शामिल करते हुए 12 लाख रुपए के आवंटन की स्वीकृति विधायक सावित्री मनोज मंडावी के प्रयास से दिया गया। सामुदायिक भवन सोनकर पारा चारामा लागत राशि 5 लाख रुपए, सामुदायिक भवन राम सत्ता चौक के पास चारामा लागत राशि 5 लाख रुपए, सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार वार्ड क्रमांक 02 राजमिस्त्री पारा चारामा लागत राशि 2 लाख रुपए प्रदाय किया गया। समस्त निर्माण कार्यों के लिए कार्य एजेंसी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत चारामा को बनाया गया ▶▶| शेष पेज 10 पर

## देव दशहरा के दूसरे दिन कन्हारपुरी पहुंचेंगे कृषिमंत्री नेताम, विधायक ने किया शुभारंभ

**कांकेर।** तीन दिवसीय देव दशहरा महापर्व का कन्हारपुरी में 10 अक्टूबर को शुभारंभ हुआ, वहीं दूसरे दिन 11 अक्टूबर के कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री रामविचार नेताम पहुँचेंगे, वहीं कार्यक्रम का समापन तीसरे दिन 12 अक्टूबर को होगा। संविधान पुरूष ठाकुर रामप्रसाद पोटाई की स्मृति में कन्हारपुरी में तीन दिवसीय देव दशहरा के पहले दिन 10 अक्टूबर को युवक व युवतियों को सुबह 6 से 11 बजे तक विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही सुबह साढ़े 7 से साढ़े 8 के मध्य देवी देवताओं का सेवा अर्जी विनती किया गया। त्रिदिवसीय खेल एवं छत्तीसगढ़िया सामूहिक नृत्य सांस्कृतिक लोकला महोत्सव का शुभारंभ भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मनोज मंडावी के मुख्य आतिथ्य और ठाकुर रामप्रसाद पोटाई के पुत्र और पोते के विशेष ▶▶| शेष पेज 10 पर

- समापन होगा 12 अक्टूबर को



## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, चालक की मौत

**कांकेर।** ताड़ोकी थानांतर्गत मृतक विकेश कुमार दुग्गा कोयेपारा भैसासूर से मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 8551 में सवार होकर निकला था।

शाम करीबन साढ़े 7 बजे आमाकड़ा के पास पहुंचा था कि वाहन अनियंत्रित होकर रोड किनारे सागौन पेड़ से टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिससे सिर में गम्भीर चोटें आईं थीं। घायल को ईलाज के लिए अंतागढ़ के अस्पताल ले जा रहे थे तभी रस्ते में उसकी मौत हो गई। वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।




पाठक सूचना
कांकेर जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## दलहन फसल को बढ़ावा देने में केवीके की अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

केंद्र सरकार की दलहन ग्राम विकास योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा लगाए गए उड़द फसल के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का अवलोकन कृषि तकनीकी अनुप्रयोग एवं अनुसंधान संस्थान जबलपुर एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के संयुक्त वैज्ञानिक दल के द्वारा किया गया। वैज्ञानिकों के दल ने माना कि दहलन फसल को बढ़ावा देने में केवीके की अहम भूमिका दिखाई दे रही है। केंद्र सरकार की दलहन ग्राम विकास योजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र ने दो विकासखंड के कई गाँवों को चिन्हांकित किया और उन गाँवों के किसानों को दलहन फसल लगाने के लिए केवीके ने प्रोत्साहित किया, उसी का परिणाम है कि कई गाँव के कई किसानों ने उड़द फसल को लगाया। कांकेर पहुँचे वैज्ञानिकों का दल कांकेर जिले के विकासखंड नरहरपुर के ग्राम भैंसमुण्डी, देवरी बालाजी, करप, चोरिया और चारामा विकासखण्ड के पलेवा, बाड़ाटोला, शाहवाड़ा में उड़द फसल के उन्नत तकनीकी प्रदर्शन जिसमें उन्नत किस्म, खरपतवार नियंत्रण तथा पौध संरक्षण तकनीकियों का अवलोकन किया गया। कृषि तकनीकी अनुप्रयोग एवं अनुसंधान संस्थान जबलपुर से पहुँचे वैज्ञानिक डॉ. रंजीत सिंह, कृषि महाविद्यालय कांकेर के अधिष्ठाता डॉ. एनके रस्तोगी, सह प्राध्यापक डॉ. जीवन लाल सलाम, वैज्ञानिक डॉ. डीपी पटेल, वैज्ञानिक डॉ. विनोद नायक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकगणों ने किसानों से चर्चा किया और उनके उत्साह को भी जानने का प्रयास वैज्ञानिक दलों ने किया।

- अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का अवलोकन वैज्ञानिकों ने किया
- केंद्र सरकार की दलहन ग्राम विकास योजना के तहत किसानों को किया जागरूक



### उन्नत तकनीकी एवं योजनाओं की दी जानकारी



भ्रमण के उपरांत ग्राम देवरी बालाजी में कृषक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा उन्नत तकनीकी एवं योजनाओं की जानकारी कृषकों को दिया गया। कृषक संगोष्ठी में बालाजी देवरी व आसपास गाँव के लगभग 100 से ऊपर किसान शामिल हुए। जबलपुर से पहुँचे वैज्ञानिकों का कहना था कि केवीके ने भारत सरकार के दलहन ग्राम विकास योजना अंतर्गत जो प्रयास किया है, वो काबिले तारीफ है।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र कांकेर
जिला के अंतर्गत भानुप्रतापपुर
में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, कांकेर
महुरबंध पारा ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 7000955574, 8817702271
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9098324969
0771-4242211

## खबर संक्षेप

### सदस्यता अभियान में जुटे भाजपा कार्यकर्ता



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान के बाद से पार्टी के कार्यकर्ता सदस्यता अभियान की तैयारी में जुटे हैं। युवा मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख एवं सदस्यता सह प्रभारी लक्षण झा, सह कोषाध्यक्ष आनंद झा, विनोद पांडे, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शिरिष मिश्रा ने जनता को सदस्यता ग्रहण करवाई। साथ ही अपील करते कहा कि कॉल करने पर आये हुए लिंक पर जाकर अपना डाटा डालने पर आपका भाजपा का सदस्यता कार्ड बनकर तैयार हो जाता है। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनता को जुड़ने की अपील की। इस दौरान राज पाण्डे, योगेश पानीग्राही, सुरज मिश्रा, आकाश बुरड, जागेश्वर गुप्ता, जगमोहन देवांगन, प्रशांत पानीग्राही पंचु, हनी यादव, चिन्मय तिवारी, पवन गुप्ता एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील बास्तानार ग्राम बड़ेकिलेपाल निवासी काजल कर्मा की मृत्यु सांप काटने से पति सन्तु कर्मा तथा तहसील तोकापाल के ग्राम बुरुंगपाल निवासी मंगी की मृत्यु सर्पदंश से होने के कारण माता पोदिये पति स्वर्गीय बुटलू प्रत्येक को चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को 10 लाख का इनाम स्वीकृत

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत जिले में तीन आत्मसमर्पित नक्सलियों को कलेक्टर संबित मिश्रा ने 10 लाख के ईनाम राशि स्वीकृत किया है। जिसमें एक को 2 लाख, एक को 3 लाख एवं एक अन्य को 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह 13 तक



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह का आयोजन 2 से 13 अक्टूबर तक किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत जिले में लड़कियों की सुरक्षा करना, भ्रूणहत्या, कन्या शिशु हत्या जैसे अमानवीय कृत्यों के प्रति जागरूक करना, महिला शिक्षा का बढ़ावा देना, लड़कियों के लिए कल्याणकारी सेवाओं को बेहतर बनाना, शिशु लिंगानुपात में कमी को रोकना, महिलाओं के सशक्तिकरण मुद्दों के प्रति जागरूक करना, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता, पोषण के महत्व एवं सही पोषण की जानकारी देते हुए एनीमिया से कैसे बचाव किया जा सकता है, इसकी भी जानकारी दिया जा रहा है।

**आयोजन : नर की सेवा ही सही मायने में नारायण की सेवा : सांसद भोजराज**


# जिलास्तरीय पीएम आवास मेला में हितग्राहियों को मिली चाबी, सरपंच व सचिव हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

- कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के पखांजूर में हुआ कार्यक्रम

जिला स्तरीय आवास मेला का आयोजन आज कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के पखांजूर में किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही पूर्ण हो चुके आवास के हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित घरों की चाबी सौंपी गई।

नगर पंचायत पखांजूर के नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मिनी स्टेडियम में 10 अक्टूबर को जिलास्तरीय आवास मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने कहा कि वास्तव में नर की सेवा ही सही मायने में नारायण की सेवा है और केन्द्र सरकार इसी ध्येय को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम जनता के हित में लगातार कार्य कर रहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समर्पित भाव से देश की सेवा कर रहें हैं। उन्होने यह भी कहा कि जनप्रतिनिधि हो या लोक सेवक, सभी आम जनता के प्रति जिम्मेदार हैं और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन भली भांति करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि की आसंदी से अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेण्डी ने कहा कि प्रधानमंत्री की यह योजना उन परिवारों के लिए है, जिसके सिर पर पक्की छत नहीं है। उन्होंने सभी उपस्थित हितग्राहियों को समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने तथा इसके तहत मिली राशि को आवास बनाने में ही व्यय करने की बात कहीं। इस अवसर पर मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष हेमन्त ध्रुव ने भी शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अंजलि अधिकारी, नगर पंचायत पखांजूर अध्यक्ष मोनिका साहा, जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा जनपद अध्यक्ष देवली नुरूटी सहित पखांजूर एसडीएम एएस पैकरा, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेन्द्र जायसवाल के अलावा स्थानीय पार्षद एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।






### 21 हजार 359 हितग्राहियों के खाते में गई राशि

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल ने प्रतिवेदन का वाचन करते हुए बताया कि योजना के तहत 2023 तक 29 हजार 207 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत किया जा चुका है तथा 2024-25 के लिए स्थायी प्रतीक्षा सूची में शेष सभी 32 हजार 187 हितग्राहियों को आवास स्वीकृत करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिनमें से 23 हजार 170 हितग्राहियों को आवास की मंजूरी देते हुए 21 हजार 359 हितग्राहियों को उनके बैंक खातों में प्रथम किश्त की राशि अंतरित की जा चुकी है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित

इस अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। इनमें अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नवागांव के सरपंच धनीराम ध्रुव और सचिव सुनील परतेती, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत संबलपुर की सरपंच अनिता रावटे और बरन आंचला, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत हाराडुला के सरपंच महेन्द्र गावड़े और सचिव श्री पोया, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत जाड़ेकुर्से के सन्तुराम दुग्गा, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम केंवटीनटोला की तकनीकी सहायक छाया ठाकुर, सरपंच रामचन्द्र नायक और उद्रेप्रसाद साहू, कोयलीबेड़ा के ग्राम पंचायत रामकृष्णपुर के सरपंच रविन्द्र बैरागी तथा सचिव दीपंकर हवलादार तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत देवडोंगर की रोजगार सहायक बिंदु मंडावी, सरपंच लोकेश्वरी ठाकुर और सचिव पूर्णिमा साहू शामिल हैं। इस तरह उत्कृष्ट कार्य करने वाले राजमिस्त्री ग्राम पंचायत उलिया के उदय रंजन पाल और सुभाष मंडल, ग्राम प्रेमनगर के नेपाल मंडल और अमरीश चक्रवर्ती तथा रविन्द्र नगर के विभाष देवनाथ और जयपुर के सहदेव को शॉल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जिला स्तरीय आवास मेला पखांजूर में पूर्ण आवास के हितग्राहियों को उनके आवास की चाबी सौंपी गई। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत स्वीकृति पश्चात त्वरित गति से कार्य प्रारंभ कर आवास निर्माण में प्रगति लाने वाले हितग्राही ग्राम पंचायत कुरेनार की वंदना वैद्य और सुनील दत्त, ग्राम जयपुर की विप्लव बाला एवं उलिया के रामसू को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

## बस्तर ओलंपिक में भाग लेने पंजीयन किया जाएगा 20 तक

**कांकेर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार बस्तर क्षेत्र के युवाओं के रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इन खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए खेल एवं युवा कल्याण विभाग को नोडल बनाया गया है। जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर ओलंपिक के जिला नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बस्तर ओलम्पिक 2024 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा7 जिसमें एथलेटिक, तीरंदाजी, बैडमिंटन, हॉकी, वेटलिफ्टिंग, कराते, कबड्डी खो-खो, व्हॉलीबॉल एवं रस्साकसी आदि खेलों के विभिन्न इवेंट्स सम्मिलित होंगे। यह प्रतियोगिता जूनियर एवं सीनियर वर्ग में आयोजित होगी। नक्सल हिंसा में दिव्यांग हुए प्रतिभागियों एवं आत्मसमर्पित पूर्व नक्सली सदस्यों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें सीधे संभाग स्तर पर प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि बस्तर ओलम्पिक के लिए त्रिस्तरीय आयोजन विकासखण्ड, जिला एवं संभाग स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए विकासखण्ड स्तरीय आयोजन की प्रस्तावित तिथि 01 से 10 नवम्बर के मध्य एक दिवसीय, जिला स्तरीय आयोजन तिथि 10 से 22 नवम्बर के मध्य अधिकतम दो दिवसीय एवं संभाग स्तरीय आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में 25 से 30 नवम्बर के मध्य तीन दिवसीय आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। आयोजन के लिए विकासखण्ड एवं जिला स्तर पर आयोग समिति का गठन किया जाएगा तथा संभाग तथा राज्य स्तर पर आयोजन समिति का गठन शासन द्वारा किया जाएगा। बस्तर ओलम्पिक के लिए पंजीयन की प्रक्रिया आगामी 20 अक्टूबर तक चलेगी। इसके लिए क्यूआर कोड की भी सुविधा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

## सदस्यता रथ सुकमा-कोंटा पहुंचा




**जगदलपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का सदस्यता रथ 10 अक्टूबर को सुकमा पहुंचा। सदस्यता सह-प्रभारी लक्षण झा और सुकमा जिलाध्यक्ष संजय सोड़ी के नेतृत्व में तोंगपाल में कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। कार्यकर्ताओं ने बाजार स्थल में लोगों को भाजपा का सदस्यता ग्रहण करवाया। उसके पश्चात सदस्यता रथ छिन्दगढ़ पहुंचा व दुकानों में सम्पर्क कर सदस्यता अभियान चलाया गया। उसके बाद सदस्यता रथ कोन्टा के लिए रवाना हुआ। इस दौरान रमन सिंह चौहान, विनोद पाण्डेय, हूंगाराम मरकाम, दिलीप पेद्दी, महेन्द्र सिंह भदौरिया, शोभन, विकास भदौरिया, सत्यनारायण मानेम, मनोज मंडल, सुखदेव नाग, सुनील गुप्ता, सृजन सिंह, रोहित, पवन, अल्तमस, जगदीश मुचाकी समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ट्रैक्टर से लदा ट्रेलर हाईवे में पलटा...



**भानपुरी।** राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में गुरुवार की दोपहर बाद एक तेज रफ्तार ट्रेलर पलटने से जहां चालक परिचालक बाल-बाल बचे। वहीं ट्रेलर में रखे नये ट्रैक्टरों को काफी नुकसान हुआ है। ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 एमडब्ल्यू 2955 रायपुर से जगदलपुर नये ट्रैक्टर लेकर शो रूम छोड़ने जा रहा था। तभी भानपुरी के नजदीक ट्रेलर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भानपुरी पुलिस दुर्घटना स्थल पहुंच आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

## भंडारा में शामिल होकर विधायक ने प्रसाद श्रद्धालुओं को दिए



**जगदलपुर।** महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल के सामने माता का भंडारा में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। वही दामोदर पैट्रोल पंप के सामने और ममता विडियो के सामने माता का भंडारा में शामिल हुए।

## परमेश्वरी भवन देवांगन समाज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लालबाग स्थित मां परमेश्वरी भवन देवांगन समाज में शारदीय नवरात्र के अवसर पर प्रतिदिन सेवा गीत, गरबा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन के साथ महाअष्टमी का हवन पूजन का धार्मिक आयोजन धूमधाम के साथ हुआ। समाज भवन में प्रतिदिन महिलाओं, बच्चों के द्वारा गरबा की प्रस्तुति दी जा रही है। महिलाएं, बच्चे जमकर माता की भक्ति में डूबे नजर आ रहे है। गरबा के लिए महिलाओं एवं बच्चों ने आकर्षक पोशाक धारण कर रहे है। बच्चें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान भक्ति गीत, भक्ति डांस, फैंसी ड्रेस, धार्मिक प्रश्नोत्तर सहित खेलों का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिताओं के बाद पुरुस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर देवांगन समाज की महिलाओं, युवतियों, बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## मानसिक रूप से बीमार और विकलांग व्यक्तियों को योजना की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

- विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जिला अस्पताल परिसर में लगाया विधिक शिविर

10 अक्टूबर विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के विशेष अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष विजय कुमार होता के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपूर्वा दांगी द्वारा जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा के मानसिक स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डॉक्टर देश दीपक एवं वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट सुनीता अग्रवाल से चर्चा कर उनसे अस्पताल में आने वाले मानसिक रोग से संबंधित प्रकरणों की संख्या, कारण और निदान के बारे में जानकारी लिया। इस संबंध में डॉक्टर देश दीपक ने बताया कि इस बीमारी से केवल व्यक्ति विशेष ही प्रभावित नहीं होता, बल्कि उसका पूरा परिवार प्रभावित होता हैं। अतः उनकी टीम द्वारा लगातार इस संबंध में गांव, संस्थान, स्कूल एवं अन्य जगहों में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा हैं, जिससे इस रोग का निदान किया जा सके। इस दौरान अस्पताल परिसर में विधिक शिविर भी लगाया गया और नालसा के मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों संबंधी योजना 2015 के संबंध में जानकारी दी गई। इस योजना का उद्देश्य मानसिक रूप से बीमार और मानसिक अशक्तता से ग्रस्त व्यक्तियों को उनके मानवीय अधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता को प्रोत्साहित एवं रक्षित किया जाना हैं।




**बस्तर ओलंपिक की तैयारियों के लिए कमिश्नर ने दिए निर्देश**

## बस्तर ओलंपिक का व्यापक प्रचार-प्रसार करें सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आगामी दिनों में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक 2024 की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम समीक्षा करते हुए कमिश्नर डोमन सिंह ने कहा कि खुशहाली का संदेश देते हुए बस्तर के युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों और खेल विधाओं से विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु आयोजित बस्तर ओलंपिक का व्यापक प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित करें। इस हेतु नगरीय निकाय, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की बैठकों में सभी जनप्रतिनिधियों, ग्रामों में कोटवारों के माध्यम से तथा स्कूल-कॉलेजों के युवाओं, खेल क्लब-खेल संघ के खिलाड़ियों, आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों के विद्यार्थियों, एनसीसी-एनएसएस के युवाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग के मैदानी अमलों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को इस ओलंपिक से जोड़ने की कोशिश किया जाए।

इसके अलावा कमिश्नर ने बस्तर ओलंपिक के लिए अब तक जिलों में हुए पंजीयन की स्थिति का संज्ञान लेकर और खिलाड़ियों को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही पंजीयन उपरांत 1 से 12 नवंबर तक जोन या कलस्टर स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर 15 नवंबर तक विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता को शासन द्वारा निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत सभी जिलों में 17 से 20 नवंबर तक जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन और 27 से 30 नवंबर तक संभाग स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन की तैयारियों हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के लिए मैदानों का चिन्हांकन, मैदानों की आवश्यक व्यवस्था को समय पर पूर्ण करवाने सहित जहां भी प्रतियोगिता आयोजित होगी, उन जगहों व्यापक मेडिकल टीम की तैनातगी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही खिलाड़ियों के लिए आवश्यक परिधानों की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।




## पेज 09 के शेष...

### देवी मंदिरों व...

और दशहरा के दिन विसर्जन किया जाएगा। राजापारा के सिंहवाहिनी मंदिर में महाअष्टमी को सुबह साढ़े 10 से साढ़े 12 बजे तक हवन पूजन किया गया। हवन कर माता को विदा देने के बाद आंगा देव समेत अन्य देवी देवताओं को विदा देकर महाआरती की गई। शहर के बड़े कंकालिन मंदिर में हवन पूजन का आयोजन कर माता को विदा दिया गया।

### दो लाख की...

पता चला कि घर के आलमारी के लाकर, गुल्लक, पूजा रूम से लगभग एक लाख दो हजार रुपए एवं सोने का चैन 4 नग, मंगलसूत्र एक नग, नेकलेश एक नग, कान का झुमका एक सेट, सोने का सिक्का दो नग, चांदी का सिक्का 8 नग, सोने का कंगन 4 नग, कान का सेट 1 नग, चांदी की मूर्ति एक नग व अन्य सामान कीमती लगभग 2 लाख रुपए को 23 दिसंबर से 3 जनवरी के बीच कोई अज्ञात व्यकित चोरी कर ले गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया था।

### नरहरपुर में सट्टा...

निवासी वार्ड क्रमांक 09 नरहरपुर का होना बताया। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर पकड़ाए युवक ने अंको का सट्टा पट्टी लिखकर जुआ खिलाने की बात को स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से एक लकीर वाले कागज में अंकों एवं रुपए का हिसाब लिखी हुई पट्टी मिली। जिसमें 3770 रुपए का हिसाब लिखा हुआ, एक नग आसमानी रग का बाल पाइंट पेन, नकदी रकम 500 रुपए एवं एक नग ओप्पो 17 मोबाइल मिला। सटोरिया प्रदीप साहू ने पुलिस को बताया कि स्वंय खिलाता था, बाहर किसी को भी पट्टी नहीं भेजता था।

### विधायक सावित्री मंडावी...

है। वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद शिव सोनकर और वार्ड क्रमांक 14 के पार्षद सुभाष सोनकर ने आभार व्यक्त किया है।

### देव दशहरा के...

आतिथ्य में शुभारंभ हुआ। पहले दिन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विविध खेल व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई और क्षेत्र के लोग शामिल हुए। समिति के द्वारा मिली जानकारी के तहत 11 अक्टूबर को सुबह 11 बजे मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम रहेंगे। वहीं वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक आशाराम नेताम, विधायक नीलकंठ टेकाम व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के तहत दिनभर अतिथि आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। अंतिम दिन 12 अक्टूबर को भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

शिविर लगाकर दी जा रही सुविधाएं

आयोजित कार्यक्रम में शिविर लगाकर आधार कार्ड बनाना व सुधारना, आयुष्मान कार्ड बनाना, प्रधानमंत्री आवास योजना , ड्राइविंग लाइसेंस बनाना, बैंकिंग सेक्टर की समस्या और साइबर क्राइम जागरूकता शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, ब्लड टेस्ट, ब्लड डोनेट, सिकलिन टेस्ट की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### दीप यज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई महिलाएं



**मद्देड़।** मद्देड़ के यापारारा दुर्गा समिति द्वारा नवरात्र के सातवे दिन मां के दरबार में दीप यज्ञ कार्यक्रम हर साल की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें शामिल हुई। इस पूजा में माताओं-बहनों को अपने हाथों से आटे के दिए बनाने पड़ते है। जिस में कम से कम पांच दीए बनाने पड़ते है। साथ ही साथ पूजा सामग्री में पान का पत्ता, फूल पत्ता, नारियल आदि का प्रयोग कर माता की पूजा की कर महिलाएं अच्छे जीवन की कामना करते है।

### कलेक्टर ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की

**बीजापुर।** जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की गहन समीक्षा की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमन्त रमेश नंदनवार ने मनरेगा, पीएम आवास, एनआरएलएम और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति से उन्हें अवगत कराया।

बैठक में कलेक्टर ने मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 तक के कार्य जो अपूर्ण हैं, उक्त कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कृषि सम्बद्धता से संबंधित कार्य को स्वीकृत किये जाने हेतु निर्देशित किया।

### सदस्यता अभियान को लेकर युवाओं में उत्साह



**जगदलपुर।** भाजपा युवा मोर्चा की सदस्यता रथ यात्रा बुधवार को नगर के लाल बहादुर शास्त्री, चंद्रशेखर, शिव मंदिर, भैरमदेव, रविंद्रनाथ टैगोर, शान्ति नगर वार्ड एवं दुर्गा पंडालों में पहुंचकर कार्यकर्ता भाजपा के कार्यों के बारे में बताकर आम जन को सदस्यता ग्रहण करवा रहे हैं। सदस्यता प्रभारी लक्ष्मण झा ने बताया कि युवा मोर्चा के कार्यकर्ता वॉर्ड में पहुंच रहे हैं। इस दौरान अविनाश श्रीवास्तव, विनोद पांडे, अभिषेक तिवारी, शिरिष मिश्रा, अभिषेक तिवारी, राज पांडे, विकास पात्रों, अभिलाष यादव, योगेश पाणिग्रही, अनिमेष चौहान, प्रशांत पाणिग्रही एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### तुलसादेवी गांधी



**जगदलपुर।** कांकेर निवासी तुलसादेवी गांधी उम्र 86 वर्ष धर्मपत्नी स्व. रामचंद्र गांधी कापसी का निधन 10 अक्टूबर दोपहर 3 बजे ग्राम कापसी में हो गया है। वह संतोष, प्रकाश, विनोद गांधी की माताजी थी एवं अजय राठी रायपुर की सासू मां थी। उनकी अंतिम यात्रा शुक्रवार प्रातः 10 बजे निवास स्थान कापसी (कांकेर) से घाट के लिये निकलेगी।

### बिशंबर दास



**जगदलपुर।** शहर के सदर वार्ड मां दुर्गा चौक निवासी 72 वर्षीय बिशंबर दास का बुधवार को हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। गुरुवार को प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें परिजन समेत वार्डवासी व शिक्षकगण सम्मलित हुए। वे सेवानिवृत शिक्षक थे। वे विजय चंद्र दास और भागीरथी दास के ज्येष्ठ भ्राता थे।


# माता मावली मंदिर बारसूर में स्थापित है माता दुर्गा की 1600 वर्ष पूर्व प्राचीन मूर्ति

**महिषासुर का वध करती हुई भव्य प्रतिमा है प्रतिष्ठित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

शारदीय नवरात्र में गीदम ब्लॉक के बारसूर स्थित माता मावली मंदिर में अंचल के भक्तों की भारी भीड़ जुटती है। भक्तों द्वारा सैंकड़ों मनोकामना ज्योतिकलश भी प्रज्ज्वलित किये जाते हैं। छिन्दक नागवंशी राजाओं ने भव्य मंदिर में दुर्गा माता की स्थापना की थी। वर्तमान में प्राचीन मंदिर ढह चुका है एवं ग्रामीण जनसहयोग से मंदिर बनाकर पूजा-अर्चना कर रहें हैं।





### अद्वितीय है माता की प्रतिमा

जनमानस में प्रचलित माता दुर्गा की छवि को साकार करती भव्य प्रतिमा बारसूर में 1600 वर्ष पूर्व छिन्दक नागवंशी राजाओं द्वारा प्राण-प्रतिष्ठित की गई है। दुर्गा स्वरूप में महिषासुर का वध करती चतुभुर्जाधारी माता ने दाएं ऊपरी हाथ में तलवार, दाएं निचले हाथ में त्रिशूल, बाएं ऊपरी हाथ में ढाल एवं बाएं निचले हाथ में महिषासुर का कटा हुआ शीश पकड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त मंदिर में भगवान विष्णु की दशावतार को प्रदर्शित करती मनमोहक प्रतिमा के साथ भगवान सूर्यदेव की भी भव्य प्रतिमा स्थापित है।

### प्रचार-प्रसार की आवश्यकता

धार्मिक नगरी बारसूर में स्थित माता दुर्गा के इस मंदिर को स्थानीय हल्बी बोली में माता मावली दंतेश्वरी कहा जाता है। बाहर से आने वाले पर्यटक जानकारी के अभाव में इन भव्य-दिव्य, अनुपम प्रतिमाओं के दर्शन नहीं कर पाते। जानकारों का मानना है कि माता दुर्गा की महिषासुर मर्दन को प्रदर्शित करती प्रतिमा अन्यत्र ही कहीं हो। इसके विषय में पुरातत्ववेत्ता ही संभवतः कुछ बता सकते हैं। फिलहाल ग्राम के जागरूक नागरिकों की पहल से यह मंदिर पुनः जनमानस में लोकप्रिय हो रहा है, एवं मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जगत पुजारी, भुवनेश्वर भारद्वाज, झोड़ूराम नाग, सुखराम नेगी, रामलाल नेगी, कुतीर्वास नाग, पारस ठाकुर, उदय मांझी, अमूलकर नाग हेमकुमार नाग, उमेश्वर पुजारी, बद्रीनाथ पुजारी, माड़ूराम पुजारी एवं सैंकड़ों ग्रामीणों के प्रयास से माता के प्रति आस्था एवं मंदिर का वैभव बढ़ता जा रहा है।

## ग्रामीणों ने बीमार युवक को कांवड़ में ढोकर झीरम पहुंचाया

# दशकों बाद भी एलेंगनार ग्राम मूलभूत सुविधाओं से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

अतिसंवेदनशील क्षेत्र एलेंगनार से ग्रामीणों ने उल्टी दस्त से ग्रसित युवक को कांवड़ में ढोकर झीरम तक पहुंचाया। अतिसंवेदनशील क्षेत्र एलेंगनार दशकों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है।

- **झीरम से एंबुलेंस की सहायता से बीमार ग्रामीण को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया**



एलेंगनार ग्राम पंचायत कनकापाल का आश्रित ग्राम है। यह ग्राम जगदलपुर जिला मुख्यालय से तकरीबन 50 किमी की दूरी झीरम गांव के समीप पहाड़ी के ऊपर बसा हुआ है। यह ग्राम जिला विभाजन से पहले बस्तर जिला के दरभा विकास खंड क्षेत्र में आता था, परंतु जिला विभाजन के पश्चात सुकमा जिले के छिंदगढ़ विकास खंड के अंतर्गत कनकापाल पंचायत के अंतर्गत आता है, जहां आदिवासी समाज के ग्रामीण निवासरत है। जो आजादी के दशकों बाद भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। कनकापाल पंचायत के आश्रित ग्राम एलेंगनार निवासी चैतू राम पिता कुता राम को उल्टी दस्त हुआ, एलेंगनार गांव में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी हालत गंभीर हो गई। बीमारी की गंभीरता को देख ग्रामीणों ने अपने ग्रामीण जुगाड़ बनाकर बीमार युवक को कांवड़ में ढोकर झीरम गांव तक पहुंचाया। तत्पश्चात एंबुलेंस सेवा की सुविधा मिली एवं उपचार के लिए तोंगपाल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। जहां उसका उपचार जारी है।

### सड़क, बिजली स्वास्थ्य की सुविधा नहीं

कनकापाल पंचायत के आश्रित ग्राम एलेंगनार में सड़क सुविधा नहीं होने से एंबुलेंस सेवा वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाते हैं। इसलिए ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधा पाने झीरम तक पैदल चलकर आते हैं फिर हॉस्पिटल जाते हैं। गंभीर स्थिति होने पर बीमार व्यक्ति को कांवड़ में ढोकर झीरम तक पहुंचाते है, जिसका उदाहरण आज चैतु राम पिता कुता राम को उल्टी दस्त होने पर ग्रामीणों ने कांवड़ में ढोकर झीरम गांव पहुंचाया। तत्पश्चात एम्बुलेंस सेवा मिली। यहीं नहीं ग्रामीण अपने आवश्यकता की सामाग्री खरीदी बिक्री हेतु बाजार जाने के लिए भी झीरम गांव तक पहाड़ी रास्तों से होकर राष्ट्रीय राज्य मार्ग 30 झीरम गांव पहुंचते हैं, तत्पश्चात उन्हें वाहन की सुविधा मिलती है। एलेंगनार में मोबाइल टॉवर, बिजली, पानी, स्वास्थ्य की सुविधा नहीं होने पर ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

# जावंगा ऑडिटोरियम के आवास मेले कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा/गीदम




दंतेवाड़ा जिले के जावंगा स्थित ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास सम्मेलन में प्रदेश के वन एवं जलवायु परिवर्तन जन संसाधन संसदीय कार्य एवं कौशल विकास तथा सहकारिता विभाग कैबिनेट एवं जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप के हाथों जिले में

- **7000 आवासों का सांकेतिक भूमिपूजन तथा 3564 पूर्ण आवासों का किया गृह प्रवेश**

7000 आवासों का सांकेतिक भूमिपूजन तथा 3564 पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कैबिनेट मंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जब से देश की बागडोर संभाली गई है, उसी दिवस से आवास योजना का स्वरूप बदल गया है। देश के आवासहीनों को पक्का आवास दिलाना प्रधानमंत्री का महत्वाकांक्षी उद्देश्य था, जो आज पूरा हो रहा है। इस प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा अपने मंत्रिमंडल के प्रथम बैठक में ही पहला निर्णय प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों को पक्का घर उपलब्ध कराने का लिया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करने हुए आगे कहा कि चाहे वह आयुष्मान कार्ड योजना हो या फिर चावल वितरण शासन का सर्वोपरि लक्ष्य है कि समाज के अंत्योदय व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री के संकल्प अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने घरों में पेड़ लगाकर उसका रखरखाव अवश्य करें। साथ ही शासन आपको प्रधान मंत्री आवास के तहत अनुदान तो दे ही रही है, अतः अपने सुविधानुसार घर को बड़ा एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास करें।

इस मौके पर क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने भी प्रधान मंत्री आवास से लाभान्वित हितग्राहियों को बधाई देते हुए कहा कि ग्रामीणों को पक्का आवास उपलब्ध कराना राज्य शासन का संकल्प था और इससे 18 लाख परिवार लाभान्वित हो रहे है। यह गौरव का विषय है अतः जो ग्रामीण इससे लाभन्वित हुए है वे जल्द से जल्द अपने मकान को पूर्ण कर जनप्रतिनिधियों को गृह प्रवेश में आमंत्रित करें।

विकासखण्ड गीदम अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 2 हितग्राही महिला कुमारी कुंजाम के स्वीकृत आवास का भूमि पूजन तथा तुलसी बेजामी के नव निर्मित गृह प्रवेश कार्यक्रम भी कैबिनेट मंत्री के हाथों संपन्न हुआ। इस मौके पर उन्होंने दोनों हितग्राही महिलाओं को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महिला आयोग की सदस्य ओजस्वी मंडावी, जिला पंचायत सदस्य रामू राम नेताम, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक, नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष सुनिता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला नाग सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वनमंडलाधिकारी सागर जाधव, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## तोयनार में में हुआ ब्लॉक स्तरीय आवास मेला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने ब्लॉक स्तरीय आवास मेला का आयोजन जनपद पंचायत बीजापुर के ग्राम पंचायत तोयनार में आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम पंचायत तोयनार के अलावा ग्राम

- **आवास मॉडल प्रदर्शनी के माध्यम से आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों का मार्गदर्शन**

पंचायत पापनपाल, धनोरा, मोरमेड़ सहित अन्य गांवों के ग्रामीण एवं हितग्राही शामिल हुए। आवास मेला का उद्देश्य प्रधानमंत्री आवास का निर्माण शासन के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में आवास निर्माण के लिए हितग्राहियों को प्रेरित करना है। तोयनार में आयोजित आवास मेला नावा लोन-नावा अभियान मेरा घर मेरा




अभियान को आकर्षक और हितग्राहियों के लिए लाभकारी बनाने आवास मॉडल का प्रदर्शनी भी लगाया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से हितग्राहियों को आवास निर्माण संबंधी आवश्यक जानकारी सुगमतापूर्वक दिया गया। आवास मेला के आयोजन के दौरान आवास पूर्ण होने पर 3 हितग्राहियों को नए घर की प्रतीकात्मक रूप से चाबी सौंपा गयी। वहीं 4 हितग्राहियों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्रक वितरण करते हुए घर निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया। इस दौरान सीईओ जनपद पंचायत गीत कुमार सिंहा, उपसरपंच, सचिव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### बस्तर ओलंपिक में अधिक से अधिक खिलाड़ियों का कराए पंजीयन

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के प्रवास के दौरान की गई घोषणा के संबंध में विभागीय अधिकारियों को अविलंब आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक समय-सीमा में निराकृत करने को कहा। विभागवार समीक्षा के दौरान पशुधन विभाग अन्तर्गत किसान क्रेडिट कार्ड की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। जिला विपणन अधिकारी को धान के शत प्रतिशत उठाव का निराकरण करने, समिति मिलान सहित जिले के मिलर्स को शतप्रतिशत चांवल जमा कराने हेतु निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिले के 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को जो प्रतियोगिता परीक्षा में बैठना चाहते है। उन्हें लाईब्रेरी से जोड़ने उनकी निःशुल्क कोचिंग क्लास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# वन्य जीव संरक्षण पर जागरूकता बढ़ाना एवं जैव विविधता के महत्व को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर




कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव संरक्षण सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसका समापन समारोह वन विद्यालय में आयोजित किया गया। सप्ताह का उद्देश्य वन्य जीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जैव विविधता के महत्व को समझाना था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा शामिल रहे। कार्यक्रम में कांगेर घाटी के निदेशक चूड़ामणि सिंह, सहायक संरक्षक कमल तिवारी, मैदानी अधिकारी और कर्मचारी, मैना मित्र, फायरवाचर, जिप्सी चालक, जिप्सी गाइड, पर्यावरण मित्र, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के वानिकी एवं वन्यजीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएं और प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी भी शामिल रहे। सप्ताह भर चले कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें चित्रकला, रंगोली और भाषण प्रतियोगिताएं शामिल रही। समापन समारोह में फायरवाचर उत्कृष्ट कार्य के लिए लेखन नाग, दुला मुचाकी, फोटोग्राफी उत्कृष्ट कार्य के लिए सुकरा नाग, मुन्नालाल बघेल और फगनू नाग, सर्प संरक्षण जागरुकता के लिए बेलचंद नाग, अनंत भोयर और हेमलाल मांझी को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# महाराजा प्रवीर की हत्या के बाद से 59 वर्षों से माटी पुजारी के बिना रथ संचालन हो रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

75 दिवसीय विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के विशाल रथ में जिस समय माटी पुजारी काकतीय नरेश प्रवीर चन्द्र भंजदेव मां दंतेश्वरी के छत्र के ऊपर पं. नीलाम्बरकर शर्मा उपुरोहित के द्वारा अक्षत अर्पण उपरान्त छत्र लेकर रथारूढ़ होते थे, रथ में सुंदर सुशोभित झूले में बैठकर झूलते थे। लाखों प्रजाजन विदेशियों को दर्शन देते थे तब उपस्थित जन-समुदाय गद गद हो जाते थे। 25 मार्च 1966 को बस्तर शासन (म.प्र.) प्रशासन के द्वारा प्रवीर चन्द्र भंजदेव को उनके राजमहल में बस्तर आदिवासियों के साथ गोलियों से भून डाला गया। तब से लेकर वर्तमान समय तक दशहरा का रथ माटी पुजारी के बिना ही संचालित हो रहा है। आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बस्तर दशहरे का एक प्रमुख उत्सव जो काछन गुड़ी से दशहरा निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए पुष्प प्राप्त करता है और बेल यात्रा महोत्सव निशा जात्रा, मावली परघाव में सदलबल के साथ प्रजाजन रहता है। राजगुरू राजपुरोहित के साथ दंतेश्वरी मंदिर में कुंवारी पूजा भीतर रैनी, बाहर रैनी, रथ के साथ माटी पुजारी की भूमिका कुटुम्ब जात्रा में चरमात्कर्ष आकर्षक दशहरा विधि विधान देखने को मिलता है।



- **राजपुरोहित ने कलेक्टर से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक पत्र भेजकर ध्यानाकृष्ठ कराया है**

दशहरा रथ उत्सव में माटी पुजारी बस्तर महाराजा होते हैं। समस्त वैदिक लोक परम्पराओं में इनकी उपस्थिति सैकड़ों वर्षों से चला आ रहा है। दशहरा रथ में माटी पुजारी की स्थारूढ़ व्यवस्था 59 वर्षों से प्रभावित है। 25 मार्च 1966 को राजमहल गोलीकांड में प्रवीर चन्द्र भजदेव की गोलियों से हत्या के बाद शासन प्रशासन की स्थिति बिगड़ने से माटी पुजारी को रथारूढ होने नहीं दिया जा रहा है। वर्तमान में अब यह स्थिति नहीं है। राजपुरोहित प. जोगेन्द्र महापात्र ने कहा है कि वे विगत 3 वर्षोर् से माटी पुजारी को रथारूढ़ करवाने के लिए शासन, प्रशासन, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधियों को पत्र लिख रहे है। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कमिश्नर, कलेक्टर बस्तर तक को हर साल पत्र लिख रहा हूं। लेकिन राजा को दशहरा में रथारूढ़ करने कोई जवाब आज तक नहीं मिला है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रम 5 नवम्बर को

**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 5 नवम्बर 2024 को राज्योत्सव एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर नीलेश क्षीरसागर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित अग्रवाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कार्यक्रम आयोजन के लिए संबंधित विभागों को दायित्व सौंपा गया है, जिसमें जिला पंचायत, पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, आदिवासी विभाग, स्कूल शिक्षा, जनसम्पर्क विभाग, जिला खनिज, खाद्य, मुख्य नगरपालिका एवं अन्य संबंधित विभाग प्रमुख शामिल हैं।

### अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत संजयपारा निवासी आगी मंडावी ने 7 अक्टूबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। संजयपारा भानुप्रतापपुर निवासी अमन मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मेहमान युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई मौत

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत लखनपुरी में अपने रिश्तेदार के घर मेहमान के रूप में आए धमतरी जिला के हीरा गांडाडीह निवासी सुशील निषाद का स्वास्थ्य खराब होने से मौत हो गया। हीरा गांडाडीह निवासी महेश निषाद ने पुलिस को बताया कि सुशीलअपने परिवार के साथ 7 अक्टूबर को लखनपुरी आया था। दो दिन बाद 9 अक्टूबर को अचानक उल्टी होने लगा और व बेहोश हो गया। ईलाज के लिए संजीवनी 108 की मदद से चारामा अस्पताल ले जा रहे थे, तभी रास्ते में उसका मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डाक्टर्स काली पट्टी बांधकर जूनियरों को दे रहे समर्थन

**जगदलपुर।** कलकत्ता के मेडिकल कालेज में 2 माह पहले पढ़ने वाली सेकंड ईयर की छात्रा के साथ रेप करने के साथ ही उसकी हत्या कर दी गई। इस घटना से देश में एक बार फिर से अनाचारियों के खिलाफ लोगों ने आवाज उठाई। मामले की जांच करने के साथ ही निष्पक्ष जांच करते हुए आरोपियों को सजा दिलाने की बात कही गई, लेकिन मामले को 2 माह होने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई भी बड़ी कार्यवाही नही होने के कारण कोलकाता के डॉक्टर भूख हड़ताल में बैठकर न्याय की गुहार लगा रहे है। वही इस मामले में एक बार फिर से न्याय के लिए चल रहे अभियान को देखते हुए डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के यूडीएफए ने भी अपना समर्थन देते हुए काली पट्टी बांधकर विरोध कर रहे है और जूनियर डॉक्टर्स को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

# जेपरा में निस्तार भूमि विवाद में ग्रामवासियों ने समझौते से कर दिया इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखण्ड चारामा के ग्राम जेपरा में निस्तार भूमि को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। एक तरफ पूरा ग्राम समुदाय है] तो दूसरी तरफ ग्रामवासी जितेंद्र सिन्हा का परिवार। विवाद वह भूमि का है, जिसे ग्रामीण देवी भूमि मानते हैं, जहां वर्षों से ग्रामीण मड़ाई मेला आयोजित करते आ रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि जितेंद्र सिन्हा ने इस भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर घर का निर्माण कर लिया है। जबकि उनके बार-बार मना करने के बावजूद भी निर्माण कार्य जारी रहा। जेपरा के ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी दिया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें उनकी देवी की भूमि वापिस चाहिए और किसी भी प्रकार का समझौता उन्हें मंजूर नहीं है। दूसरी ओर जितेंद्र सिन्हा का दावा है कि जिस भूमि पर उन्होंने घर बनाया है, वह उनकी पैतृक संपत्ति है और पूरी तरह वैध है। उन्होंने ग्रामीणों पर आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत द्वारा उनके खिलाफ एकतरफा फैसला लिया गया है, जिसमें उनका हुक्का-पानी बंद कर दिया गया है। यदि कोई ग्रामीण उनसे बात करता पाया जाता है तो उस पर 15000 रुपए का जुर्माना लगाया जा रहा है। इस आरोप को ग्रामीणों ने सिरे से खारिज करते हुए कहा कि जितेंद्र के दावे बेबुनियाद हैं और उनका कोई सामाजिक बहिष्कार नहीं किया गया है।

**देवीभूमि को लेकर ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग**



**देवी की भूमि वापिस चाहिए**

मंगलवार को अनुभागीय अधिकारी ने तहसील चारामा में दोनों पक्षों की बैठक बुलाई, जहां समझौते की कोशिश की गई। हालांकि ग्रामीणों ने साफ तौर पर कहा कि उन्हें समझौता नहीं चाहिए, बल्कि उनकी देवी की भूमि वापिस चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक वे शांत नहीं बैठेंगे।

## कार्यक्रम : अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर व्याख्यान

# लोकमाता अहिल्याबाई ने सतीप्रथा व अमानवीय कृत्यों को किया नेस्तनाबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ बचपन के संस्कार ही बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं : नामदेव

भारत ऐसे ही विश्व गुरु नहीं बना था। यहां की महिलाओं ने इतिहास में वह स्थान अर्जित किया है, जिससे देवता भी वंचित रहे हैं। लौह महिला महारानी अहिल्याबाई होल्कर का व्यक्तित्व व कृतित्व उन्हें विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की पंक्ति में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव रहा है। विश्व के सबसे बड़े महिला संगठन राष्ट्र सेविका समिति कर्तत्व के आदर्श के रूप में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का अनुसरण करती हैं।

उक्त बातें बुधवार को भानुप्रतापपुर के जनपद पंचायत सभागार में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी के अवसर पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में कहीं गई। कार्यक्रम में नारायण नामदेव सहप्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वसेवक संघ शामिल हुए। इस दौरान उनकी महत्ता के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सहप्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वसेवक संघ नारायण नामदेव ने कहा कि मुस्लिम शासकों के दौर में मात्र एक अहिल्याबाई होल्कर ही थीं जिन्होंने हिन्दुओं के सम्मान की रक्षा की। अहिल्याबाई होल्कर कोई सामान्य महिला नहीं थीं बल्कि वह लोक माता थी। लोकमाता से तात्पर्य जन-जन की माता। उन्होंने कहा कि इन्दौर की महारानी लोकमाता अहिल्याबाई ही थीं। उन्होंने सतीप्रथा एवं अमानवीय कृत्यों को नेस्तनाबूत किया। महिला सेना की टुकड़ी बनाकर युद्ध में अपराजेय पराक्रम हासिल किया। उन्होंने बताया हिन्दुओं के मंदिरों को बचाया अपने शासन काल में उन्होंने चार धाम, सातपुरी, 12 ज्योतिर्लिंग, 43 धर्म तीर्थ, 12772 मंदिर , बावड़ी कुएं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराया। उन्होंने देशवासियों की रक्षा के लिए संघर्ष किया। हम सभी को उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बचपन के संस्कार ही बच्चों के भविष्य का निर्माण करते हैं। यही संस्कार जीवन की सफलता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। किसे पता था चौंडी ग्राम जामखेड़ अहमदनगर में एक छोटी सी सौम्य, शांत, तेजवान बालिका मालवा के सूबेदार मल्हारराव को अपनी भक्ति व गायन से इस कदर प्रभावित कर देगी कि वह अपने पुत्र खंडेराव के विवाह के लिए मानकोजी के समक्ष प्रस्ताव रखने से भी नहीं हिचकिचाएंगे।






### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सम्बलपुर के उप सरपंच गौरव चोपड़ा,चंद्रमौली मिश्र,भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान, रजिंदर रंधावा,भावेश साहू, दीपक शर्मा,गोकुल यादव,संजय नायक, भगत सांडिल्य,डाकवर मिश्रा,ज्ञान सिंह गौर, राहुल सिंह धुन्ने,थानु राम सिन्हा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# घर में घुसकर की मारपीट और समानों को किया क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



■ पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू

पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 116 वार्ड क्रमांक 14 में घर के अंदर घुसकर मारपीट करते हुए घर में रखे समानो को तोड़-फोड़ करने की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 116 वार्ड क्रमांक 14 पखांजुर निवासी सुब्रत सरकार पिता सुबल सरकार ने पुलिस को बताया कि 8 अक्टूबर को दोपहर साढ़े 3 बजे मेरी बहन रेणुका और उसका पति उत्तम कुण्डु व मेरे पिता सुबल सरकार हमारे घर के अन्दर घुसकर मुझे और मेरी पत्नी चन्द्रिका सरकार को गाली देते हुए जान से मारकर जमीन में गाड़ दूगीं कहकर धमकी देने लगे। मेरे पिता सुबल सरकार एवं बहनोई उत्त्म कुण्डु मेरे दोनों हाथ को पकड़कर रखा तथा मेरे बहन रेणुका ने मुझे हाथ-मुक्के से मारपीट किया, जिससे मेरे सीना, चेहरा, दांए हाथ, नाक में चोटे आई हैं। मारपीट को देख मेरी पत्नि चन्द्रिका सरकार बीच बचाव के लिए आई तो मेरे पिता सुबल सरकार, बहन रेणुका कुण्डु और उत्तम कुण्डु के द्वारा लात घुसे से पत्नी के साथ मारपीट किया गया, जिससे उसको चोट आई है। पत्नी के बाल पकड़कर खीचने से सिर में चोट लगा एवं सलवार सूट को फाड़ दिए, जिससे मेरी पत्नी की लज्जा भंग हुई है। आरोपियों द्वारा मेरे घर में रखे समानो को तोड़- फोड़ किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 330 (2)(ई), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### सुर संध्या की प्रस्तुति होगी 14 को दोड़दे में

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत खुटगांव के आश्रित ग्राम दोड़दे में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में 14 अक्टूबर सोमवार को रात्रि 9 बजे से लोक कला मंच सुर संध्या व छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच रेगाडबरी भरीटोला जिला बालोद की प्रस्तुत होगी। आयोजन समिति के सदस्य राजकुमार नेताम, सियालाल तुलावी, रामदयाल तुलावी, फूलसिंह नेताम, प्रेमसिंह उयके तैयारी में जुटे हुए है।

# ठगी करने वाला मंत्रालय का कनिष्ठ सचिवालय सहायक भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ जुआ खेलकर डूबा दी रकम

■ नौकरी लगाने के नाम पर लिए थे 4 लाख



इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय रायपुर में कार्यरत कनिष्ठ सचिवालय सहायक पूरनराम सिन्हा दसपुर निवासी जवान से परिजनों के लिए नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख की ठगी किया। कांकेर पुलिस ने नवा रायपुर सेक्टर 27 से आरोपी ठग को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया। विदित हो कि पीड़ित दसपुर निवासी अर्जुन कुमार मरकाम पिता गोकुल राम मरकाम ने पुलिस को बताया था कि मैं वर्ष 2016-17 में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल 5 वी बटालियन बी कंपनी मंत्रालय में सुरक्षा ड्यूटी के लिए कंपनी तैनात था। उसी दौरान मंत्रालय में इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में कनिष्ठ सचिवालय सहायक के पद पर पदस्थ पूरनराम सिन्हा पिता सुरज सिन्हा से जान पहचान होने से मोबाईल फोन से बात चीत होता था। उसके बाद 2022 में सशस्त्र बल 5 वीं बटालियन बी कंपनी मंत्रालय से उठकर कटेकल्याण तुमकपाल कैंप चली गई। पीड़ित ने तुमकापाल से कनिष्ठ सचिवालय सहायक पूरन राम सिन्हा को फोन से पूछा कि मंत्रालय रायपुर में चपरासी के पद खुला है, उसने कहा खुला है। पीड़ित ने बहन को नौकरी लगाने की बात की, कनिष्ठ सचिवालय सहायक ने नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख लगने की बात बताई। पीड़ित कनिष्ठ सचिवालय सहायक के चक्कर में फंस गया और कई बार में 4 लाख दे दिया। परंतु नौकरी आज तक नहीं लगी और रकम वापिस नहीं कर रहा था। पीड़ित की शिकायत पर कनिष्ठ सचिवालय सहायक पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया और आरोपी को 10 अक्टूबर को रायपुर से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि जुआ खेलने की आदत हो गई थी और पूरी रकम हार गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी से कुछ भी रकम बरामद नहीं हो पाई है आरोपी पूरन राम सिन्हा के साथ पर्याप्त अपराध सबूत पाए जाने पर 10 अक्टूबर को सायं 4 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।




### मेडिकल कॉलेज के छात्र छात्राओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज. कांकेर। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 10 अक्टूबर को मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने रैली निकाली गई। साथ ही प्रचार-प्रसार रथ मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल तक निकाली गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया एवं रोहीत वर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय कांकेर से प्राचार- प्रसार रथ के साथ मेडिकल कॉलेज के स्टूडेंट व नर्सिंग कॉलेज के स्टूडेंट ने रैली निकाली। रैली शहर के पुराने बस स्टैंड से वापस जिला अस्पताल पहुंची। विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थय की डॉ. विमल भगत, डॉ. लोकेश कुमार देव ने जानकारी दिया। कार्यक्रम में जिला सलाहकार एनसीडी डॉ. योगेश प्रजापति, फाइनेंस एवं लॉजिस्टिक अधिकारी एनसीडी राकेश राजपूत, जिला सलाहकार एनपीपीसीएफ डॉ. विनोद वैद्य, आशीष जैन, खगेन्द्र पटेल एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पल्लामारी बंजारी माता समिति ने पूर्व अध्यक्ष का किया सम्मान, बताई गईं उपलब्धियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जिले में आस्था का प्रतीक मां पल्लमारी बंजारी माता जनसेवा समिति हाहालद्दी दुर्गकोंदल के तत्वावधान में गत दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम सांस्कृतिक लोक कला मंच लोक संध्या रायपुर का आयोजन किया गया। बंजारी माता जन सेवा समिति ग्राम हाहालद्दी द्वारा अपने पूर्व अध्यक्ष रामचंद्र लाल श्रीवास्तव का उनके मंदिर हेतु योगदान के लिए विशेष सम्मान करते हुए शाल, श्रीफल एवं माता की प्रतिमा भेंट किया गया। बंजारी माता जन सेवा समिति के अध्यक्ष हरिशचंद सिन्हा, सचिव भूपेन्द्र सिन्हा और प्रवीण जैन ने बताया कि रामचंद्र लाल श्रीवास्तव ने 2009 में घसीयाराम सिन्हा से अध्यक्ष पद का प्रभार ग्रहण कर पल्लमारी बंजारी माता मंदिर के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य प्रारंभ किया। प्रभार ग्रहण करते समय समिति वित्तीय रूप से शून्य पर थी, स्वयं स्वपहल करते हुए 5000 रूपएं एवं रमेश गावड़े से 1000 रुपए के प्रारंभिक बजट से मंदिर विकास का कार्य शुरू किया गया। माता बंजारी के आशीर्वाद से सबसे पहला कार्य मंदिर का जीर्णोद्धार प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात भक्तों के लिए 30 बाई 50 के दो बड़े-बड़े शेड का निर्माण चार लाख रुपए की लागत से करवाया गया। माता की ख्याति और लोगों की मनोकामनाओं को ध्यान में रखकर मंदिर में कलश स्थापना के लिए दीप कक्ष निर्माण कार्य जन सहयोग से किया गया। नवरात्रि के अवसर पर भक्तों के लिए एवं भंडारे की व्यवस्था के लिए किचन शेड का निर्माण और भक्तों के लिए भोजन करने बैठक हेतु शेड का निर्माण, वृहद स्तर पर भोजन बनाने हेतु बर्तनों का क्रय तथा मंदिर में कार्यक्रमों हेतु वाद्य यंत्रों का क्रय किया गया। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण माता बंजारी का मूल स्थल मंदिर के सामने ऊपरी पहाड़ी पर माता के लिए मंदिर स्थापना किया गया और वहां पर पहाड़ी मार्ग पर विद्युत प्रकाश की व्यवस्था किया गया और रास्ते में दो छोटे-छोटे मंदिर निर्माण, ताकि ऊपर माता दर्शन के चढ़ाई के समय भक्तो को थोड़ा आराम करने की जगह मिल सके, की व्यवस्था किया गया।

बंजारी माता के ऊपरी मंदिर की सबसे बड़ी समस्या पेयजल को दूर किया गया और नीचे बोर से ऊपर मंदिर तक पाइपलाइन बिछाकर दो भागों में मशीनों मोटर की व्यवस्था कर ऊपरी मंदिर तक पानी पहुंचाया गया यह कार्य मंदिर उत्थान का एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इन कार्यों के अलावा भक्तों के लिए विश्राम गृह विश्राम गृह में किचन शेड, शौचालय का निर्माण कराया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राम चंद्र लाल श्रीवास्तव ने कहा कि तेरा तुझको अर्पण क्या लागे मेरा। माता के आशीर्वाद से सभी कुछ संभव हुआ, उनका आशीर्वाद हमारे साथ था इस लिए हम सब कार्यों को कर पाए। कार्यक्रम में समिति के सदस्य जीवन सिन्हा, भगवानी सिन्हा, मोहन सिंह अनिल सिन्हा, गिरधारी नरेटी,शकुंतला नरेटी, ग्रामवासी ,क्षेत्र में संचालित माइंस के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरोना क्लस्टर के 40 किसानों को कराया एक दिवसीय प्रदर्शन भ्रमण

**कांकेर।** मप्र विज्ञान सभा जनविज्ञान केंद्र मुडपार द्वारा सरोना क्लस्टर के ग्राम मुडपार, डावरखार, ठेमा साल्हेभाट, कुम्हान्खार सारंडा, लेडारा, खल्लारी के चयनित 40 किसानों के दल को बस्तरा एग्रो प्रो कम्पनी द्वारा संचालित ग्राम गोटुलमुंडा मिलेट प्रोसेसिंग केंद्र व मिलेट उत्पादन क्षेत्र का भ्रमण राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक सौभाग्यरंजन साहू एवं उपसंचालक कृषि जिला कांकेर के मार्गदर्शन में एक दिवस प्रदर्शन भ्रमण कराया गया। नाबार्ड के सहयोग से संचालित परियोजना लघु धान्य फसले कोदो, कुटकी, रागी को बदावा देने के लिए शुष्क भूमि खेती अंतर्गत विज्ञानं सभा जन विज्ञान केंद्र मुडपार द्वारा क्षेत्र के 100 किसानों को लेकर मिलेट फसल का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को प्राकृतिक खेती व मूल्य सवर्धन कर अधिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य व नई तकनिकी जानकारी के लिए भ्रमण कराया गया। गोटुलमुंडा मिलेट प्रसंस्करण केंद्र के सांचालक व सक्रीय महिला कार्यकर्त्ता निर्मला भास्कर द्वारा सभी किसानो को किसान समिति व प्रोडूसर कम्पनी का शुरुवात व वर्तमान में किए जा रहे गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताते हुए महिलाओं की भागीदारी कार्य बिधि को को बताया। केंद्र में संचालित मिलेट प्रसंस्करण की मशीने बिज बैंक पारम्परिक बीजो का संग्रहण तकनीक का भ्रमण कराया और साथ में ग्राम के तराई घोटिया के कृषक पांडू राम के द्वारा कोदो, कुटकी फसल का प्राकृतिक तकनिकी से उत्पादन ले रहे के खेतो में सभी किसानो को भ्रमण कराया गया, जिससे सभी अवगत हए।

इस दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मनोहर चंद्रवंशी, कम्पनी के सीईओ चमन कवाची, समिति के सदस्य गण, विज्ञानसभा जन विज्ञान केंद्र प्रभारी एलआर सिन्हा, सहायक जोगेंद्र नेताम एवं कृषक मित्र उपस्थित रहे।

## नामावली तैयार करने बैठक 15 को

**कांकेर।** नगरपालिकाओं आम निर्वाचन-2024-25 कराए जाने निर्वाचक नामावली तैयार व पुनरीक्षित किए जाने के संबंध में 15 अक्टूबर को शाम 5 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीलेश क्षीरसागर द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने कहा गया है।

# हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने पर भानुप्रतापपुर में जमकर जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

■ आतिशबाजी कर मिष्ठान का किया वितरण

भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा 8 अक्टूबर को भारत देश के दो राज्यों के चुनाव परिणाम आए जिसमें हरियाणा में पुनः तीसरी बार लगातार भाजपा की सरकार प्रचंड मतों से बनने पर आतिशबाजी कर जलेबी बांटी गई।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान जिला भाजपा उपाध्यक्ष टीकम टांडिया भाजपा जिला कार्यालय मंत्री रत्नेश सिंह युवा मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष निखिल सिंह राठौड़ भाजपा मंडल महामंत्री ज्वाला प्रसाद जैन डिगेश खापर्डे भाजपा मंडल उपाध्यक्ष अरविंद जैन मोर्चा प्रदेश से प्रशिक्षण प्रभारी देवेद्र टेकाम युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संकेत नशीले मंडल कोष अध्यक्ष ललित गांधी युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी सी राजीव श्रीवास्तव अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष चैतू राम आचल अनुसूचित जाति मंडल महामंत्री लक्ष्मण कुलदीप अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र रावटे नरेंद्र शर्मा रमल सिंह कोर्राम ज्ञान सिंह गौर युवा मोर्चा सक्रिय कार्यकर्ता राहुल सिंह धुन्ने आदि कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक दौड़ेगी जनसाधारण स्पेशल ट्रेन आज से

**जगदलपुर।** शारदीय नवरात्र में दंतेवाड़ा स्थित शक्तिपीठ दंतेश्वरी माता दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। यहां से दो यात्री ट्रेनों का परिचालन किरन्दुल व्हाया दंतेवाड़ा तक होता है। नवरात्री में 9 दिनों तक लाखो श्रद्धालुओं के दंतेवाड़ा पहुंचने में हो रही परेशानियों पर हरिभूमि ने गुरुवार को खबर प्रमुखता से प्रकाशित किया था। जिसे पूर्व तट रेल के विशाखापटनम रेल मंडल ने संज्ञान में लेकर 11 से 14 तक जगदलपुर से दंतेवाड़ा तक जनसाधारण स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस बात की पुष्टि विशाखापटनम :शेष पेज 10 पर रेल मंडल के डीआरएम सौरभ प्रसाद ने की है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

